सत्रीय कार्य

पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर

पाठ्यक्रम : एम. जे.

2018-2019

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय

निदेशक,दूर शिक्षा निदेशालय

पोस्ट:- महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय,गांधी हिल्स,वर्धा (महाराष्ट्र) 442001

फोन/फैक्स:- 07152-247146 वेबसाइट : **www.hindivishwa.org**

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित)
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

डॉ.अमित राय
सहायक प्रोफेसर

दूरभाष/Phone:+ 07152-247146
फैक्स/Fax: + 07152-247146
ई-मेल - raiamit14@gmail.com
पत्रांक: 023/09/स.का.फा./31/
दिनांक :

एम. जे. सत्रीय कार्य

सत्रीय कार्य करने के दिशा निर्देश

प्रिय विद्यार्थी,

आपको प्रत्येक पत्र के लिए सत्रीय कार्य करना हैं। आपको प्रत्येक प्रश्न का उत्तर भेजी गई अध्ययन सामग्री के आधार पर ही देना है। कहीं-कहीं आपको अतिरिक्त पाठ्यसामग्री की सहायता लेनी पड़ सकती है। आप चाहें तो कार्यक्रम संयोजक की मदद पत्राचार, ई-मेल, दूरभाष माध्यम से ले सकते हैं।

सत्रीय कार्य शुरू करने से पूर्व आप निम्नलिखित बातों का ध्यान रखिए। यह आपके लिए उपयोगी होगा

1. योजना : सत्रीय कार्यो को ध्यानपूर्वक पढ़िए। इनसे सम्बद्ध इकाईयों का दोबारा अध्ययन कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए प्रमुख मुद्दों को एक कागज पर नोट कीजिए। उसके बाद उन्हें क्रम दीजिए।

2. संगठन : अपने उत्तर की मोटी रूपरेखा बनाने से पहले अपना ध्यान कुछ मुद्दों पर केंद्रित कीजिए। और उनका विश्लेषण कीजिए। प्रस्तावना और सारांश पर विशेष ध्यान दीजिए।

क. तर्क संगत और प्रवाहपूर्ण हो,

ख. वाक्यों और अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध हो,

ग. आपकी अभिव्यक्ति, शैली और प्रस्तुति सटीक हो।

3. प्रस्तुति : अपने उत्तर से संतुष्ट होने पर इसका अंतिम प्रारूप तैयार कीजिए। उत्तर साफ-साफ A-4 कागज पर लिखिए और जिन मुद्दो पर बल देना चाहते है उन्हें रेखांकित कीजिए। **सत्रीय कार्य की एक छायाप्रति अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।**

शुभकामनाओं के साथ,

(डॉ.अमित राय)

सत्रीय कार्य निर्धारित पता पर प्राप्ति की **अंतिम तिथि - 31 मार्च 2019** तक अवश्य भेज दें। **31 मार्च 2019** के बाद प्राप्त सत्रीय कार्य किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा।

पता

निदेशक,दूर शिक्षा निदेशालय

पोस्ट:- महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय,गांधी हिल्स, वर्धा (महाराष्ट्र) 442001

फोन/फैक्स:- 07152 & 247146 वेबसाइट : **www.hindivishwa.org**

निर्देश : प्रिय विद्यार्थी, सत्रीय कार्य आरंभ करने से पूर्व निम्नलिखित बातों को ध्यान से पढ़िए|

1. अपनी उत्तर-पुस्तिका के पहले पृष्ठ के दाहिने सिरे पर नामांकन संख्या, नाम, पूरा पता और दिनांक लिखिए।
2. अपनी उत्तर पुस्तिकाओं के प्रथम पृष्ठ के मध्य भाग में पाठ्यक्रम का शीर्षक, सत्रीय कार्य संख्या अवश्य दीजिए।

उत्तर पुस्तिका का प्रथम पृष्ठ निम्न प्रकार से शुरू होगा।

नामांकन संख्या: ----------

नाम : ----------

पता : ----------

पाठ्यक्रम का नाम/कोड : ----------

सत्रीय कार्य कोड : ----------

दिनांक: ----------

---

1. उत्तर के लिए केवल **A-4** साइज के आकार के कागज़ का इस्तेमाल करें और उन कागज़ों को अच्छी तरह से बांध लें।
2. प्रत्येक उत्तर के पहले प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।
3. अपनी लिखावट में उत्तर दें।
4. सत्रीय कार्य की उत्तर-पुस्तिका जॉच के लिए **सम्बंधित अध्ययन केन्द्रों** पर या **निदेशक,दूर शिक्षा निदेशालय,पोस्ट:- महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय,गांधी हिल्स, पिन- 442001** के पास **दिनांक 31 मार्च 2019** तक अवश्य भेज दें।

प्रश्न पत्र - एक
जनसंचार माध्यमों के लिए लेखन

विषय : पत्रकारिता एवं जनसंचारमें स्नातकोत्तर **विषय कोड :** एम. जे.

Subject:P.G. In Journalism And Mass Communication **Subject Code : MJ 101**

कुल अंक : 30 Total Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. लेखन के मूल तत्व कौन से हैं? वर्णन कीजिए
2. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के लिए विज्ञापन -लेखन कॉपी की आवश्यकता को उदाहरण सहित समझाइए।
3. आत्मकथा का अर्थ और परिभाषा देते हुए उसके अनिवार्य गुण स्पष्ट कीजिए।
4. 'साक्षात्कार जनसंचार का अनिवार्य अंग है, इस कथन की समीक्षा कीजिए।
5. उद्घोषणा से आप क्या समझते हैं?आकाशवाणी और दूरदर्शन में उद्घोषणा का क्या महत्त्व है?

प्रश्न पत्र – दो
फीचर लेखन एवं पत्रिका संपादन(MJ 102)

कुल अंक : 30 Total Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer.

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. 'विचारों का कॉपीराइट नहीं हो सकता' कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
2. प्रत्याशित वाणिज्य समाचार क्या है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. हाल ही में प्रदर्शित एक ऐसी फिल्म की समीक्षा कीजिए जो प्रचलित फार्मूलों से हटकर बनी हो जिसमें समाज को उद्वेलित करने की क्षमता हो।
4. 'पत्रिका प्रकाशन अब एक विशुद्ध व्यापारिक गतिविधि बन चुका है'- इस मत से आप कहाँ तक सहमत हैं?
5. 'फीचर फीचर है,न निबंध,न अग्रलेख'- इसे स्पष्ट करते हुए फीचर की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

प्रश्न पत्र - तीन
जनसंचार शोध प्रविधि (MJ – 103)

अधिकतम अंक : 30
Maximum Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. शोध प्रविधि किसे कहते हैं? शोध प्रारूप बनाकर स्पष्ट करें|
2. प्राथमिक और द्वितीयक आंकड़ों में अंतर लिखिए।
3. जनसंचार में प्रयोगात्मक शोध परिकल्पनाएं किस प्रकार उपयोगी हो सकती हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
4. जनसंचार में शोध की क्या आवश्यकता है? विभिन्न आयामों के माध्यम से समझाइये |
5. शोध में कॉपी पेस्ट की सीमाओं का उल्लेख कीजिए |

प्रश्न पत्र - चार
जनसंचार के सिद्धांत (MJ – 104)

अधिकतम अंक : 30
Maximum Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. संचार के आर्थिक आयामों की व्याख्या कीजिए।
2. जनसंचार के सन्दर्भ में प्रतीकात्मक रूपों का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।
3. 'भारत की जनसंचार नीति' पर एक आलोचनात्मक लेख लिखिए।
4. जनसंचार के सिद्धांतों से आप क्या समझते हैं?व्याख्या कीजिए

5. वर्तमान राजनीति में मीडिया की भूमिका पर अपने विचार विस्तारपूर्वक स्पष्ट करें।

प्रश्न पत्र – पांच
विशेषीकृत पत्रकारिता एंव समाज (MJ – 105)

अधिकतम अंक : 30 Maximum Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. फोटो पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं? वर्तमान में फोटो पत्रकारिता की स्थिति की व्याख्या कीजिए।
2. लोकतंत्र,सामाजिक आंदोलन और मीडिया पर विस्तार से वर्णन करें।
3. युद्ध पत्रकारिता और रक्षा पत्रकारिता में अंतर लिखिए।
4. महिलाओं से जुड़े पहलुओं को मीडिया सनसनीखेज क्यों बनाती है?स्पष्ट करें।
5. ई पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं? व्याख्या कीजिए|

प्रश्न पत्र – छह
न्यू मीडिया प्रोडक्शन (MJ – 106)

अधिकतम अंक : 30 Maximum Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. 'प्राइम टाइम' से आप क्या समझते हैं?इसकी चुनौतियों पर टिप्पणी कीजिए।
2. क्या टी.आर.पी. के दबाव में भारतीय टेलीविजन मुद्दों से भटका रहा है? अपने विचार स्पष्ट करें।
3. स्थानीयता और वैश्विकता के धरातल पर एक साथ खड़े डिजिटल मीडिया की चुनौतियों और संभावनाओं का परिचय दीजिये।
4. रेडियो के लिए पटकथा लेखन और टीवी के लिए पटकथा लेखन में अंतर स्पष्ट कीजिये।
5. वर्तमान में इलेक्ट्रोनिक मीडिया में दिखाई जाने वाली बहसों का विश्लेषण कीजिए

प्रश्न पत्र – सात
न्यू मीडिया एवं समाज(MJ – 107)

अधिकतम अंक : 30 Maximum Marks : 30

Note : Long Answer Questions. Write your answer in 800 to 1000 words each. Write Any Three Answer

नोट - दीर्घ उत्तरीय प्रश्न। अपने प्रश्नों के उत्तर 800 से 1000 शब्दों में लिखें। किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें।

1. सोशल नेटवर्किंग से आप क्या समझते हैं? वर्तमान पत्रकारिता में इसकी भूमिका पर अपने विचार स्पष्ट करें|
2. सोशल मीडिया में वर्चुअल सत्य को परिभाषित कीजिए, इसके प्रभावों की विस्तार से चर्चा कीजिए।
3. न्यू मीडिया की अवधारणा एवं उसके स्वरूप के बारे में विस्तार से लिखिए।
4. न्यू मीडिया विज्ञापन के भुगतान के तरीकों का वर्णन करें।
5. सोशल मीडिया में चुनाव संबंधी किये जाने वाले विश्लेषणों पर अपने विचार लिखें|

प्रश्न पत्र – आठ
शोध एवं परियोजना कार्य (MJ – 108)

अधिकतम अंक : 100 Maximum Marks : 100

पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का प्रश्न पत्र-08 एक परियोजना कार्य है। आप अपनी पसंद के एक विषय पर परियोजना कार्य कर सकते है। परियोजना कार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह एक ऐसा अप्रत्यक्ष तरीका है जिसके माध्यम से आपको मीडिया से संबंधित व्यवस्थित रूप से नई जानकारी मिलने में मदद मिलेगी। यह नए तथ्य एकत्र करने, उनकी तालिका बनाने, विश्लेषण करने और उपलब्धियों पर विचार-विमर्श करने की व्यवस्थित पद्धति है। परियोजना कार्य के द्वारा आपको मीडिया से संबंधित क्षेत्र की कुछ समस्याओं को अच्छी तरह से जानने में मदद मिलेगी। परियोजना कार्य के अन्त में आपको परियोजना रिपोर्ट लिखनी होती है।

परियोजना कार्य के विभिन्न चरण

परियोजना कार्य को पूरा करने में कुछ चरण शामिल हैं-

1. विषय का चयन:-

किसी भी शोध कार्य के लिए पहला चरण, विषय का चयन होता है। हमारी सलाह है कि आप ऐसा विषय चुनिए जिसके अपेक्षित संसाधन आपको उपलब्ध हों। शीर्षक चुनने का एक तरीका यह होगा कि आप बी.जेएम.सी. कार्यक्रम की पाठ्यक्रम सामग्री में दी हुई विभिन्न इकाईयों का अध्ययन करें। ये इकाईयां आपको विस्तृत विकल्प प्रदान करेंगी, जिसके आधार पर आप ग्राम विकास से संबंधित किसी भी पहलू का अध्ययन कर सकते हैं। ऐसा विषय चुनिए जो आपकी रूचि का हो, अति महत्वाकांक्षी नहीं हों।

2. आंकड़ा संग्रहण के साधन तैयार करना:-

पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर के विद्यार्थी अनुभवजन्य (आनुभाविक) अध्ययन कर सकते हैं। अनुभवजन्य अध्ययनों में आप साक्षात्कार, अनुसूची, साक्षात्कार गाइड और प्रेक्षण जैसे साधनों का प्रयोग कर सकते हैं।

3.आंकड़ा संग्रहण:-

'पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर' कार्यक्रम का एक उद्देश्य यह है कि मीडिया से संबंधित क्षेत्रों के व्यवहारिक ज्ञान से आप परिचित हो सकें, उनकी समस्याओं को जान सकें और अपनी जानकारियों में नये ज्ञान का समावेश कर सकें। जब आपके पास आंकड़ा संग्रहण के साधन हो जाएं तो आप आंकड़ा संग्रहण का वास्तविक कार्य आरंभ कर सकते हैं। आपको अपने उत्तरदाताओं के साथ तालमेल स्थापित करना होगा और विस्तृत क्षेत्र नोट (Extensive Notes) तैयार करने होंगे। वांछित आंकड़ों को एकत्र करने के लिए आपको कई बार अपने अध्ययन क्षेत्र में जाना होगा। इससे आपको हतोत्साहित नहीं होना है। जितना अधिक परस्पर संपर्क होगा उतने अधिक अच्छे परिणाम होंगे।

4. आंकड़ा विश्लेषण:-

परियोजना कार्य में आंकड़ा विश्लेषण बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है। आपको अपनी अनुसूचियों और फील्ड नोट की संवीक्षा करनी चाहिए उन्हें ठीक करना चाहिए और प्रत्येक उत्तर के साथ उचित कोड देना चाहिए तथा संगणना एवं तालिका के लिए मुख्यचार्ट में इन्हें सावधानीपूर्वक अंकित करना चाहिए। तब तालिका कार्य पूरा हो जाए तो तालिकाबद्ध आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए विभिन्न सांख्यिकीय तकनीकों का प्रयोग करना चाहिए। प्रेक्षण, साक्षात्कार गाइड और केस अध्ययनों के माध्यम से एकत्र की गई सूचना को सहायक साक्ष्य के रूप में प्रयोग करें।

5. परियोजना कार्य लेखन:-

आंकड़ा संग्रहण और तालिका पूरी करने के बाद आप परियोजना रिपोर्ट लिखें। परियोजना कार्य को निम्न शीर्षकों के अंर्तगत तैयार करना आवश्यक है।

a. प्रस्तावना:-

इस शीर्षक के अंतर्गत अपनी परियोजना के बारे में सक्षिप्त में संपूर्ण जानकारी देनी है।

b. अवधारणा:-

किसी भी परियोजना को करने से पूर्व शोधार्थी अपने विषय क्षेत्र से संबंधित एक धारणा निर्माण करता है, जो परियोजना कार्य की संपूर्णता के उपरांत सही या गलत दोनों तरह के निर्णय पर पहुँच सकती है। यहां उस क्षेत्र से संबंधित अवधारणा को रखना आवश्यक है।

c. अध्ययन क्षेत्र:-

परियोजना कार्य किस क्षेत्र को ध्यान में रखकर केंद्रित किया गया है, उसकी जानकारी देना भी परियोजना कार्य के लिए महत्वपूर्ण होता है।

d. शोध-प्रविधि:-

परियोजना कार्य के लिए उपयोग में लायी गयी शोध-प्रविधियों के बारे में इस शीर्षक के अंतर्गत जानकारी देना है।

e.अध्याय विभाजन:-

शोध परियोजना को विभिन्न अध्यायों के माध्यम से पूरी तरह व्यक्त किया जा सकता है एवं शोध से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों पर अलग-अलग अध्यायों में प्रकाश डाला जाता है।

प्रस्तावना

i) अध्याय - 1

ii) अध्याय - 2

iii) अध्याय - 3

iv)अध्याय - 4

f. विश्लेषण:-

इस अध्याय में शोध से संबंधित आंकड़ों या तथ्यों का विश्लेषण दिया जाना शोध को बेहतर बनाता है।

g. उपसंहार:-

इस अध्याय में शोध को लेकर बनायी गयी अवधारणा के संबंध में क्या-क्या तथ्य सामने आये, यह शोध क्या लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हो पाया या नहीं, इसका विश्लेषण करना आवश्यक है।

h. संदर्भ सूची-

इस शीर्षक के अंतर्गत शोध के दौरान किन पुस्तकों, साहित्य, पत्र-पत्रिकाओं, डायरी आदि से तथ्यों का एकत्रीकरण किया गया है, उनका विवरण दिया जाना आवश्यक है।

परियोजना कार्य भेजना:-

60-70 पृष्ठों में डबल स्पेस में टाइप हुई रिपोर्ट अच्छी प्रकार जिल्द में बांधकर भेजनी होगी। रिपोर्ट का प्रथम पृष्ठ (संलग्न परिशिष्ट-1) के प्रारूप में होगा।

आप रिपोर्ट के में इस आशय का एक घोषणा-पत्र (संलग्न परिशिष्ट -2) प्रस्तुत करें कि किया गया कार्य, मूल कार्य है और किसी भी अध्ययन पाठ्यक्रम की शर्त को पूरा करने के लिए किसी भी विश्वविद्यालय या अन्य संस्था को पहले प्रस्तुत नहीं किया गया है।

परियोजना कार्य में विद्यार्थी की नामांकन संख्या, कार्यक्रम, नाम और पता अवश्य होना चाहिए। आपको परियोजना रिपोर्ट और स्वीकृत परियोजना प्रस्ताव की एक प्रति रखनी चाहिए। विश्वविद्यालय को भेजी गई रिपोर्ट, विद्यार्थी को लौटाई नहीं जाएगी।

विश्वविद्यालय के दूर शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत

'पत्रकारिता में स्नातकोत्तर(एम.जे.)'

हेतु प्रस्तावित लघु शोध परियोजना कार्य

लघु शोध परियोजना- विषय:-

"....."



निदेशक

डॉ.अमित राय
सहायक प्रोफेसर,दूर शिक्षा निदेशालय
पाठ्यक्रम संयोजक
म.ग.अ.हि.वि.,वर्धा

प्रस्तुतकर्ता

शोधार्थी का नाम ----------
सत्र ----------
पाठ्यक्रम ----------
नामांकन संख्या - ----------
अध्ययन केंद्र का नाम ----------

›

›

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय

घोषणा

मैं एतद् द्वारा यह घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दूर शिक्षा निदेशालय ,वर्धा को भेजा गया परियोजना कार्य जिसका शीर्षक

.....

.....है, पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर का आंशिक भाग है और यह मेरा स्वयं का मूल कार्य है और किसी अन्य अध्ययन कार्यक्रम की शर्त को पूरा करने के लिए न तो दूर शिक्षा निदेशालय ,वर्धा और न ही किसी अन्य संस्था को पहले भेजा गया है।

हस्ताक्षर

विद्यार्थी की नामांकन संख्या.....

नाम और पता .....

स्थान

तारीख

****